उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (लेखा परीक्षा) अनुभाग-2

संख्या- 05/2022/आडिट-2-I/210066/2022-फाइल संख्या-10-25001/595/2021-4

लखनऊ: दिनांक: 07 सितम्बर, 2022

कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा सेवा समूह 'क' (ज्येष्ठ वेतनमान रू0 15,600-39,100, ग्रेड वेतन रु० 7600/- पुनरीक्षित पे मैट्रिक्स लेवल-12) मे पदोन्नति हेतु दिनांक 22.06.2022 को संपन्न विभागीय चयन समिति की बैठक मे की गई संस्तुति पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा श्री अनिल कुमार जैन, उप निदेशक, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर को संयुक्त निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नित प्रदान करने तथा संयुक्त निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, प्रयागराज (निदेशालय) के रिक्त पद पर तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- श्री अनिल कुमार जैन, संयुक्त निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, प्रयागराज (निदेशालय) के पद पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कर कार्यभार प्रमाणक शासन को उपलब्ध कराएगें ।

हरिश्चन्द्र
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग,उ0प्र0 प्रयागराज।
4- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज/सहारनपुर ।
5- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 प्रयागराज को सरकारी गजट के आगामी अंक मे प्रकाशनार्थ।
6- संबंधित अधिकारी
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

नन्द किशोर शर्मा
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।